RNI 70280/91 | हरियाणा का अग्रणी दैनिक

Email :dailypathakpaksh@yahoo.in (website : www.pathakpaksh.com)

# पाठकपक्ष

वर्ष : 36 | अंक : 334
हिसार | शुक्रवार, 1 मार्च, 2024
फोन : 98964-72584, 92552-73410
मूल्य : 2.00 रूपए | पृष्ठ ६







# देश में एक ही गूंज, अबकी बार 400 पार : पीएम मोदी

## कहा- जेएमएम और कांग्रेस विकास की दुश्मन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**नई दिल्ली, 1 मार्च :** झारखंड दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धनबाद में रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने एक रैली को भी संबोधित किया। मोदी ने कहा कि ये 400 पार का नारा ऐसे ही नहीं लग रहा है। ये तभी लग रहा है जब मोदी की गारंटी पर देश भरोसा कर रहा है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि भाजपा का मकसद है- विकास, विकास और तेज विकास। जबकि कांग्रेस हो या उसके सहयोगी दल, वो विकास के सबसे बड़े दुश्मन हैं। उन्होंने कहा कि देश कह रहा है- जहां दूसरों से उम्मीद खत्म हो जाती है, वहां से मोदी की गारंटी शुरू होती है। झारखंड के लोग मोदी की ऐसी अनेक गारंटियों के गवाह हैं, जो बीते वर्षों में पूरी हुई है।

अपना हमला जारी रखते हुए मोदी ने कहा कि झारखंड में तेज विकास के लिए जरूरी है कि यहां कानून व्यवस्था अच्छी हो, शासन-प्रशासन ईमानदार हो, लेकिन जब से यहां झ्रूरूऔर कांग्रेस की परिवारवादी, भ्रष्टाचारी और तुष्टिकरण वाली सरकार बनी है, तब से यहां स्थितियां बदली हैं। जेएमएम का मतलब हो गया है- जमकर खाओ। उन्होंने जेएमएम और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि इन लोगों ने झारखंड की जनता को लूटकर, आपके पसीने की कमाई को लूटकर अपने लिए बेनामी संपत्तियों के पहाड़ बना लिए हैं। आपने देखा है कि यहां किस तरह नोटों की गड्डियां निकल रही हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आपका सपना ही मोदी का संकल्प है। मैं दिन-रात इसलिए खपा रहा हूं ताकि देश के गरीबों की मुश्किलों को कम कर सकूं। उनको गरीबी से जल्द से जल्द बाहर निकाल सकूं। पिछले 10 वर्षों में करीब 25 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर आए हैं और अभी भी जो लोग गरीबी में जी रहे हैं, उनकी गरीबी भी जाएगी। मोदी का संकल्प है, 'विकसित भारत' के लिए 'विकसित झारखंड'।

# विधायक विनोद भयाना ने ढाणी केंदु गांव में 25 लाख लागत के 10 एकड़ लंबे खेतों के कच्चे रास्ते को पक्का करने के निर्माण कार्य का किया शुभारंभ



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 1 मार्च :** विधायक विनोद भयाना ने शुक्रवार को ढाणी केंदु गांव में खेतों के 10 एकड़ लंबाई के कच्चे रास्ते को पक्का बनाने के निर्माण कार्य का नारियल तोड़कर विधिवत रूप से शुभारंभ किया। श्री भयाना ने इस दौरान लोगों से बातचीत करते हुए कहा कि इस रास्ते को मनरेगा योजना के तहत 25 लाख रुपए की धनराशि खर्च कर पक्का करवाया जाएगा। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए की निर्धारित समय अवधि में रास्ते को पक्का करने का कार्य पूरा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पिछले काफी दिनों से ढाणी केंदु तथा गांव से बाहर ढाणियों में रहने वाले लोग इस रास्ते को पक्का करवाने की मांग कर रहे थे आज लोगों की यह मांग पूरी हो गयी है, अब लोगों को सुगम आवाजाही की सुविधा मुहैया होगी वहीं ढाणियों में रहने वाले स्कूली विद्यार्थियों को भी विधालय जाने के लिए बढ़िया पक्का रास्ते मुहैया हो जाएगा। विद्यार्थियों को स्कूल ले जाने के लिए बसें भी अब इस रास्ते के माध्यम से उनके घरों तक पहुंच सकेगी।

# किसानों के 1739 करोड़ रुपये माफ करना किसान हित में बड़ा फैसला : कैप्टन भूपेन्द्र

## मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने की है फसली ऋण का ब्याज व जुर्माना माफी की घोषणा



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 1 मार्च :** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश सचिव कैप्टन भूपेन्द्र, वीरचक्र ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा किसानों का फसली ऋण का ब्याज माफ किए जाने का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि सरकार के इस फैसले से प्रदेश के लाखों किसानों को फायदा होगा।

कैप्टन भूपेन्द्र, वीरचक्र ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने किसानों के हित में बड़ा फैसला लिया है। इसके तहत सरकार ने फसल ऋण पर ब्याज व जुर्माना माफी की घोषणा की है। मुख्यमंत्री की घोषणा के तहत यह राशि लगभग 1730 करोड़ रुपये बनती है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने किसान हित में बड़ा फैसला लेते हुए एक कलम से किसानों के फसली ऋृण का यह 1739 करोड़ रुपये माफ कर दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के इस फैसले से हरियाणा के लाखों किसानों को फायदा होगा। प्रदेश सचिव ने किसान हित में इतना बड़ा फैसला लिए जाने पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल व उनकी कैबिनेट का आभार जताया है।

कैप्टन भूपेन्द्र वीरचक्र ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश में सत्ता में आने के बाद भाजपा सरकारों ने किसानों के हित में अनेक कल्याणकारी फैसले किए हैं। केन्द्र सरकार द्वारा छह हजार रुपये वार्षिक के हिसाब से किसानों के खाते में डालना बहुत बड़ा फैसला है। इसके अलावा भी केन्द्र व प्रदेश की सरकारों ने किसानों के कल्याण व उनकी आय दोगुनी करने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि किसानों सहित वर्ग के हित में किए जा रहे कल्याणकारी कार्यों की बदौलत जनता ने केन्द्र व प्रदेश में तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने की सोच ली है।

## सातरोड में अनेक महिलाओं ने थामा भाजपा का दामन

# सभी महिलाओं को दिया जाएगा पार्टी में सम्मान : डॉ. आशा खेदड़



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 1 मार्च :** भारतीय जनता पार्टी को उस समय बड़ी सफलता मिली जब गांव सातरोड़ के वार्ड 11 में अनेक महिलाओं ने पार्टी में शामिल होने की घोषणा की। जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने शामिल होने वाली सभी महिलाओं का स्वागत किया और कहा कि उन्हें पार्टी में पूरा सम्मान दिया जाएगा। जिला मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि सातरोड़ गांव के वार्ड 11 में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला सचिव नीरज देवी ने की जबकि जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ इसमें मुख्य अतिथि रहीं। कार्यक्रम में उपरोक्त के अलावा जिला महामंत्री आशीष जोशी, जिला उपाध्यक्ष रणधीर सिंह धीरू, संजीव रेवड़ी, जिला सचिव डॉ. वैभव बिदानी, सातरोड मंडल अध्यक्ष नरेश ग्रेवाल, दिलबाग सिंह सरपंच, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुनीता रेड्डू, महिला मोर्चा जिला महामंत्री सीमा चावरिया व उषा शर्मा, महिला मोर्चा की पूर्व जिला महामंत्री सीमा शर्मा, विस्तारक राधेश्याम, किसान मोर्चा अध्यक्ष शमशेर पंघाल, अर्बन मंडल उपाध्यक्ष शंकर गोस्वामी, सुनील गुप्ता व सोशल मीडिया से महेंद्र सिंह पानू सहित सैकड़ों की संख्या में अन्य स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में महिलाओं पर मनुवादी हमले और चुनौतियां विषय पर सेमिनार 3 को

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 1 मार्च :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में भारत की जनवादी महिला समिति व अन्य जन संगठनों द्वारा 3 मार्च को प्रातः 11 बजे स्थानीय जाट धर्मशाला में महिलाओं पर मनुवादी हमले और चुनौतियां विषय पर सेमिनार आयोजित किया जाएगा। उपरोक्त जानकारी देते हुए जनवादी महिला समिति की जिला अध्यक्ष शकुंतला जाखड़ व सचिव बबली लांबा ने बताया कि 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस है। जनवादी महिला समिति हर साल इस दिन महिलाओं के मुद्दों पर सेमिनार, संवाद, विचार गोष्ठियां आदि आयोजित करती है। इस बार 8 मार्च को महाशिवरात्रि होने के कारण हिसार में 3 मार्च को महिला दिवस मनाया जाएगा।

# प्रदेश की सभी 10 लोकसभा सीटें जीतेंगे : गोल्डी सैनी



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 1 मार्च :** भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष गोल्डी सैनी ने अपने प्रवास कार्यक्रम के तहत आज बरवाला, मतलौडा व अग्रोहा मंडल के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। सभी स्थानों पर जिला प्रधान गोल्डी सैनी व मोर्चा के प्रदेश कार्यकारणी सदस्य सुरेंद्र सिंह सैनी का स्वागत किया गया। इन बैठकों को संबोधित करते हुए गोल्डी सैनी ने कहा कि हरियाणा प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में भाजपा की सरकार दिनों दिन नए आयाम स्थापित कर रही है। हरियाणा प्रदेश में लगातार विकास कार्य चल रहे हैं। आने वाले लोकसभा चुनाव में प्रदेश की सभी 10 सीटों पर भाजपा प्रत्याशी विजयी होंगे। इसके अलावा आने वाले विधानसभा चुनावों में प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पार्टी संगठन को और मजबूत करने का आह्वान किया गया। बरवाला मंडल की बैठक में सतीश गिल, सत्यवान जांगड़ा, प्रेम जांगड़ा, कृष्ण वर्मा, अश्वनी, राजकुमार वर्मा, मतलौडा मंडल की बैठक में अध्यक्ष महाबीर वर्मा, धर्मबीर, छबीलदास जांगड़ा, प्रदीप वर्मा, विक्रम, कमल वर्मा व अग्रोहा मंडल की बैठक में रोहतास कुमार, राजपाल, रामकुमार, महावीर वर्मा, जय सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# टोल फ्री नंबर 1962 पर कॉल करने उपरांत घर बैठे पशुओं को मिलेगा उपचार : उपायुक्त

## 7 मोबाइल पशुधन एंबुलेंस को उपायुक्त उत्तम सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 1 मार्च :** पशु उपचार पशुपालक के द्वार पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण योजना के अंतर्गत हरियाणा सरकार ने जिले को 7 मोबाइल पशुधन एंबुलेंस उपलब्ध करवाए हैं। पशुधन एंबुलेंस के माध्यम से टोल फ्री नंबर 1962 पर कॉल करने उपरांत किसानों और पशुपालकों के पशुओं को घर पर ही उपचार मिल सकेगा।

उपायुक्त उत्तम सिंह ने जिले को उपलब्ध करवाए गए 7 मोबाइल पशुधन एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। गौरतलब है कि इससे पहले प्रदेश में ऐसी 20 मोबाइल पशुधन एंबुलेंस थी जोकि अब आंकड़ा बढक़र 90 हो गया। उन्होंने बताया कि मोबाइल पशुधन एंबुलेंस के माध्यम से बीमार पशुओं को घर द्वार जाकर उपचार दिया जाएगा। मोबाइल पशुधन एंबुलेंस के साथ वेटरनरी सर्जन, वीएलडीए एवं ड्राईवर उपलब्ध रहेंगे। वाहन निर्धारित शेड्यूल अनुसार दोपहर 12 बजे से लेकर शाम 8 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने बताया कि चिकित्सा युक्त मोबाइल पशुधन एंबुलेंस को कॉल सेंटर से जोड़ा गया है। जीपीएस युक्त इन मोबाइल पशुधन एंबुलेंस से पशु चिकित्सा सेवा की मॉनिटरिंग तथा परामर्श सुविधा प्रदान की जाएगी। योजना के तहत पशुपालकों को मुफ्त पशु चिकित्सा सुविधा के साथ ही पशु चिकित्सालय काल सेंटर के टोल फ्री नंबर 1962 पर परामर्श भी दिया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि जिले का कोई भी पशुपालक अपने पशुओं के बीमार होने पर टोल फ्री नंबर 1962 पर संपर्क स्थापित अपने घर त्वरित पशु चिकित्सा का लाभ उठा सकते हैं। मोबाइल पशुधन एंबुलेंस की सेवा से पशु संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा।

इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त नीरज सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।






# सम्पादकीय..........

## रेड बॉल क्रिकेट के लिए बीसीसीआई की अच्छी पहल

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) टेस्ट और घरेलू क्रिकेट के लिए मैच फीस बढ़ाने पर विचार कर रहा है, जो अच्छी पहल है। मीडिया में आई खबरों के मुताबिक, यह बढ़ोतरी तीन गुना तक हो सकती है। यानी अगर कोई खिलाड़ी एक पूरा रणजी सीजन खेलता है, तो करीब 75 लाख रुपये मिलेंगे उसे। इसी तरह, एक साल के सारे टेस्ट मैच खेलने पर वह 15 करोड़ रुपये तक मैच फीस पा सकता है, जो कि आईपीएल के टॉप कॉन्ट्रैक्ट के बराबर है।वहीं, बोर्ड की एनुअल रिटेनर्स की लिस्ट में श्रेयस अय्यर और ईशान किशन के नाम नहीं हैं। दरअसल, बीसीसीआई इन दोनों के रवैये से खुश नहीं था। श्रेयस ने भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के दौरान फिटनेस से जुड़ी शिकायत की थी। वहीं, ईशान किशन का कहना था कि वह मानसिक रूप से तैयार नहीं हैं। हालांकि मेडिकल स्टाफ को श्रेयस बिल्कुल फिट लगे, जबकि टेस्ट के लिए तैयार न होने वाले ईशान आईपीएल के अपने कप्तान हार्दिक पंड्या के साथ ट्रेनिंग करते नजर आए। दोनों ही खिलाड़ियों ने टेस्ट को लेकर नैशनल ड्यूटी को तरजीह नहीं दी। किसी भी क्रिकेटर से पूछिए, वह रेड बॉल क्रिकेट को ही बेस्ट मानेगा। फिर भी खिलाड़ी इससे दूर जा रहे हैं, तो उसकी एक बड़ी वजह है पैसा। खैर, बीसीसीआई ने दो बड़े खिलाड़ियों पर एक्शन लेकर अपने कड़े इरादे जाहिर कर दिए हैं। पहली बार बोर्ड की रिलीज में रिटेन करने वाले खिलाड़ियों के नाम के साथ यह हिदायत भी थी कि जब प्लेयर नैशनल टीम की तरफ से न खेल रहे हों, तब डोमेस्टिक क्रिकेट में हिस्सा लें। इससे पहले, टीम के कप्तान रोहित शर्मा भी कुछ ऐसी बातें कह चुके हैं, जिनका मतलब यह निकलता है कि फ्रेंचाइची क्रिकेट, चाहे वह आईपीएल ही क्यों न हो, नैशनल ड्यूटी के ऊपर नहीं हो सकती। लेकिन, यह सख्ती अंतिम उपाय नहीं है। एक सलूशन यह है कि रेड बॉल और फ्रेंचाइजी क्रिकेट के बीच के पैसों के अंतर को कम किया जाए। अच्छी बात यह है कि बीसीसीआई ने इस दिशा में भी काम शुरू कर दिया है। इससे पहले, टीम के कप्तान रोहित शर्मा भी कुछ ऐसी बातें कह चुके हैं, जिनका मतलब यह निकलता है कि फ्रेंचाइची क्रिकेट, चाहे वह आईपीएल ही क्यों न हो, नैशनल ड्यूटी के ऊपर नहीं हो सकती। लेकिन, यह सख्ती अंतिम उपाय नहीं है। एक सलूशन यह है कि रेड बॉल और फ्रेंचाइजी क्रिकेट के बीच के पैसों के अंतर को कम किया जाए। अच्छी बात यह है कि बीसीसीआई ने इस दिशा में भी काम शुरू कर दिया है।

# ऐसा सोचने वालों का विनाश नजदीक ही होता है

**अध्यात्म**

सृष्टि के रचयिता, पालनहार, कर्ता-धर्ता तो सब प्रभु हैं, फिर अभिमान किस बात का? इस संसार में सभी जीव-जंतु, पशु-पक्षी, वृक्ष यहां तक कि मनुष्य भी ईश्वर के बनाए हुए हैं। इस निर्माण के पीछे सृष्टि के रचयिता का मुख्य उद्देश्य किसी भी कार्य को पूर्ण कराने के लिए माध्यम के रूप में इस्तेमाल करना है। जब प्रभु की बनाई वस्तु का उद्देश्य पूर्ण हो जाता है, तब वह दुनिया से समाप्त हो जाती है। कहते हैं, अहंकार तो अपने-अपने समय के सबसे शक्तिशाली कहे जाने वाले कंस और रावण का भी नहीं रहा। आधुनिक समय में विश्व विजेता कहलाने वाले एडोल्फ हिटलर और नेपोलियन जैसे शक्तिशाली व्यक्ति का भी अहंकार चूर-चूर हो गया।

जिसके अभिमान की गति जितनी तेज होती है, उस मनुष्य का पतन उतनी ही जल्दी होता है। यह तब होता है जब मनुष्य को लगता है कि इस संसार में उससे ज्यादा श्रेष्ठ और कोई नहीं है। जब वह यह सोच लेता है तो निश्चित तौर पर वह अपना विनाश खुद कर लेता है। वह जिस बात का गुमान करता है, उस क्षेत्र में तरक्की नहीं कर पाता। वह घमंड में इतना डूब जाता है कि उसे सही गलत, कुछ भी नजर नहीं आता है। वह अपने ही दंभ के जाल में फंस जाता है।

अहंकार मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है। यह मनुष्य की आज की प्रवृत्ति नहीं है, बरसों पुरानी है। पुराने समय में बहुतों ने अपने रूप, रंग, शासन, रुतबा, घर और अपनी जीत पर घमंड किया, पर यह ज्यादा समय तक टिक नहीं पाया। जो घमंड करता है, उसका विनाश निश्चित है। वह अपने अंदर पैदा हुए दंभ की आग में जलकर भस्म हो जाता है। अगर कोई व्यक्ति किसी भी क्षेत्र में उत्तम है, तो उसे हमेशा और अधिक बेहतर प्रदर्शन करने के बारे में सोचना चाहिए। अगर वह अपने प्रदर्शन से खुश होकर घमंडी बन जाता है, तो उसकी प्रगति रुक जाती है। इस दुनिया में कोई भी चीज कितनी भी शक्तिशाली क्यों न हो, समय से ज्यादा बलवान नहीं है। यहां हर चीज समय के अधीन है, इसलिए हमें अपना समय कभी बर्बाद नहीं करना चाहिए। उसका उपयोग अच्छे कामों के लिए करना चाहिए। समय ही सबसे अनमोल चीज होती है।

भगवद्गीता के अनुसार अभिमान से मनुष्य को दूर रहना चाहिए। सद्गुणों को अपने जीवन में उतारना चाहिए, क्योंकि इससे जीवन में परम शांति का अनुभव होता है। भगवान श्री कृष्ण ने गीता में कहा है कि कोई किसी के पास तीन ही परिस्थितियों में जाता है- भाव में, अभाव में, प्रभाव में। इसलिए आपके पास जब भी कोई आए तो उसे पूरा सम्मान दें। पता नहीं वह किस स्थिति में आपके पास आया है। भाव से आया है, तो बस प्रेम चाहिए। अभाव में आया है, तो मदद चाहिए और आपको सक्षम समझ कर आया है। प्रभाव में आया है, तो आपको गुमान नहीं होना चाहिए कि आप हर चीज के लिए सक्षम हैं। आपके लिए सब कुछ संभव है, यह सोचकर उसका तिरस्कार न करें।

अभिमान कब और क्यों आता है? मनुष्य के अंदर थोड़ा सा बल, बुद्धि, धन, ऐश्वर्य और पद मिलने से वह अहंकारी बन जाता है और हर समय अपना ही गुणगान करता रहता है। उसे अपने से श्रेष्ठ कोई नहीं दिखता। इन्हीं कारणों से उसका पतन होता है। जिस व्यक्ति ने गुमान किया, उसका वजूद वक्त के साथ चूर-चूर हो गया है।

# सुण मौल्लड़ की



राम रहीम को बार-बार पैरोल देने पर हाईकोर्ट सख्त - एक समाचार

**उरै बी वोट की राजनीति काम करै सै।**

## कैसा रहेगा आपका कल

**मेष :** व्यापारिक सौदे लाभकारी रहेंगे। नया घर या आफिस खरीदने का मन बनेगा। प्रेम प्रंसगों में सफलता प्राप्त होगी।

**वृषभ :** विपरीत महोल का सामना करना पड़ेगा। षडयन्त्र का शिकार हो सकते है। स्वास्थय में उतार चढ़ाव बना रहेगा। लक्ष्मी माता की पूजा करे।

**मिथुन :** अनुभवी लोगों की मद्द से राह आसान होगी। प्रियजन से नजदीकी की संभावना है। नई योजनाओं की शुरूआत रहेगी।

**कर्क :** जोखिम लेने से बचे। बिना मांगे सलाह न दे अपमान का भय है। विपरीत माहोल में खुद को ढालना मुश्किल होगा। भगवान शिव जी की पूजा करे।

**सिंह :** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। प्रत्येक कार्य में सफलता प्राप्त होगी। लोगों का सहयोग मिलेगा।

**कन्या :** विभिन्न स्त्रोत्रो से धन लाभ होगा। लम्बे समय से अटके कार्य पूरे होंगे। लेखकों व कलाकारों के लि दिन शुभ रहेगा।

**तुला :** नए संपर्क जीवन में बदलाव ला सकते है। भौतिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। बीती बातों को भूलाकर आगे बढे सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक :** मन में चिता व फिक्र बनी रहेगी। नजदीकी लोगों के कारण परेशानी बढ़ेगी। संदेह की स्थिति में फैसला मुश्किल होगा। भगवान विष्णु की पूजा करे।

**धनु :** अनुभव का लाभ मिलेगा। शत्रु परास्त होंगे। परिवार के साथ खुशी भरे पल व्यतीत करेंगे।

**मकर :** सामाजिक कार्यों में रूचि बढ़ेगी। कारोबार में विस्तार संभव है। कार्यों में वर्चस्व बढेगा।

**कुंभ :** पूंजी निवेश से लाभ होगा। जरूरतमंदों की सहायता करेंगे। कार्य स्थल पर चल रही मुश्किले दूर होगी।

**मीन :** मन में तनाव बना रहेगा। फिजूल की बहस करने से बचे। लोगों के विरोध का सामना करना पड़ेगा। भगवान श्रीराम चंद्र की पूजा करे।

**ज्योतिषी मोहित वशिष्ठ**
नक्षत्र एस्ट्रोलोजी, प्रथम तल 12-एन, माडल टाउन मार्केट, हिसार (मो. : 94666-69799)



**हांसी नगर परिषद की बैठक में हुए हंगामे से जनता दु:खी**

## बैठक में पार्षद प्रतिनिधियों पर बैन लगाना चाहिए तथा मीटिंग के समय पुलिस की मदद ली जानी चाहिए : समिति



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 1 मार्च :** शहीद भगत सिंह संगठन समिति के प्रधान सरदार कृष्ण इलावादी, महासचिव किशोरी नागपाल, उप-प्रधान डॉ. नन्द किशोर अरोड़ा, उप-प्रधान रामस्वरूप खट्टर ने प्रैस को जारी संयुक्त ब्यान में कहा कि नगर परिषद की बैठक में जिस प्रकार नगर पार्षदों ने जमकर हंगामा किया, जिसको देखकर वार्डो की जनता खुश होने की बजाए दु:खी हो गई है कि हमने जिन पार्षदों को अपने हितों की रक्षा के लिए व हांसी का विकास करने के लिए चुनकर भेजा था वे पार्षद अपनी छवि के विपरीत व्यवहार कर रहे है और एक-दूसरे पर कीचड़ उछाल रहे है। इस मिटिंग में कुछ पार्षदों का ही वर्चस्व रहा, महिला पार्षदों को तो बोलने तक नहीं दिया गया जोकि नारी के सम्मान को ठेस लगाने वाली बात है। ये महिला पार्षद अपने-अपने वार्डो की समस्याओं को मीटिंग में नहीं रख सकी। इन महिलाओं के प्रतिनिधियों को मीटिंग में जाने की ईजाजत तक नहीं होती इसके बावजूद भी पार्षद प्रतिनिधि मीटिंग में मौजूद ही नहीं रहे बल्कि उन्होंने अधिकारियों पर जमकर भड़ास निकाली और भ्रष्टाचार के आरोप लगाये।

प्रधान सरदार इलावादी ने कहा कि हमारी समिति लगातार शुरू से प्रशासन से मांग करती आ रही है कि मीटिंग में पार्षद प्रतिनिधियों को अन्दर जाने की ईजाजत नही होनी चाहिए। अगर अधिकारी भ्रष्ट है तो कहने से ही काम नही चलेगा बल्कि उनकी जांच होनी चाहिए और उन पर कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए। नगर परिषद की बैठक में पार्षद प्रतिनिधियों पर बैन लगाना चाहिए तथा मिटिंग के समय पुलिस की मदद ली जानी चाहिए ताकि मिटिंग में शालीनता बनी रहे और हर पार्षद अपनी समस्या से हाउस को अवगत करा सके।

सचिव नागपाल ने कहा कि संविधान महिलाओं को चुनाव लड़ने के लिए आरक्षण दे रहा है अगर इन प्रतिनिधियों को ही सारे काम करने है तो इस महिला आरक्षण ही खत्म कर देना चाहिए क्योंकि इसका औचित्य नही रहता। इस मौके पर अन्नदाता किसान मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष सुमन भाटोल भी उपस्थित रही।

## हर समय अपने मन की नहीं करनी चाहिए, कभी कभी अपने मन को भी मना लेना बेहतर होता है

**-पाठकपक्ष डेस्क-**



मेरी एक मित्र मुझे लंबे समय बाद मिली और हम दोनों अपने दुःख सुख की बातें करने लगे। उसके जाने के बाद यह ध्यान में आया कि इतने वर्ष बीत जाने के बाद भी उस के जीवन में दुःख था तो उसकी सास ही उसके लिए जिम्मेदार थी। मुझे लगा कि हम दुःख दर्द का अपने चारों ओर जब एक घेरा सा बना लेते हैं, उससे फिर बाहर निकलना ही नहीं चाहते, उसमें ही फंस जाते हैं और दोष दूसरे को देते रहते हैं, उसके लिए कभी अपनी सास को तो कभी अपने पति को और फिर अपने बच्चों को दोषी मानते हुए चलते रहते हैं। अजमाए हुए को आजमाते रहते हैं, अपने आग्रह और दुराग्रह छोड़ने को तैयार ही नहीं होते और अपने सिवा सब को परखने, मापने, तोलने में लगे रहते हैं और दूसरों में मीन मेख निकाल उन्हें अपने हिसाब से दूर कर देते हैं और ऊपर से शिकायत यह कि कोई उन्हें समझता ही नहीं। उसी मित्र ने एक बहुत अच्छी बात भी बताई कि स्वास्थ्य चाहते हो तो जीभ का स्वाद छोड़ दो और अगर रिश्ते निभाने है तो आपस में विवाद छोड़ दो। बात बढ़ने लगे तो, चुप हो जाओ, किनारा कर लो। एक बार एक दम्पति फिल्म देखने गए,साथ में उनका बच्चा भी था।जब टिकट लेने लगे तो थिएटर के मैनेजर ने कहा कि आप छोटे बच्चे को अंदर नहीं ले जा सकते। उसने कारण पूछा तो मैनेजर ने कहा कि बच्चे इतना समय बैठते नहीं, रोने लगते हैं तो बाकी पब्लिक डिस्टर्ब होती है। उन्होंने यह कह कर कि बच्चा जब रोने लगेगा तो वो तुरंत बाहर आ जाएंगे। बच्चे के साथ अंदर चले गए और फिल्म का आनंद लेने लगे।अब जब फिल्म उन्हें बोर करने लगी तो पति ने पत्नी को कहा चलो बाहर चले। पत्नी ने हैरान हो कर कहा, क्यों? कैसे? पति ने बच्चे को जोर से चिकोटी काटी और बच्चा रोने लगा और दोनों बच्चे को लेकर थिएटर से बाहर आ गए। कहने का मतलब यह है अपनी करने का मौका मिले, निकल सकते हो तो निकल आओ। कहने का मतलब यह है कि किसी भी बात को लंबा मत खींचों, जैसे सुई में लंबा धागा डालेंगे तो उलझता ही है, ऐसे ही आपसी विवाद को, मन मुटाव को लंबा मत करो, जितनी जल्दी हो सके सुलझा लो। दूसरे मान जाएं तो अच्छा है, न माने तो खुद को मना लो।

**-डॉ. कमलेश कली**

## एक युवा देश के तौर पर भारत की पहचान बड़ी उत्साहवर्धक : ढालिया



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 1 मार्च :** भारतीय जनता पार्टी हांसी के मण्डल अध्यक्ष व पूर्व पार्षद अशोक ढालिया ने आज जारी एक ब्यान में कहा कि आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव में पहली बार मतदान करने के योग्य हुए मतदाताओं की संख्या 1.84 करोड़ है जबकि भारत देश में कुल मतदाता 96.8 करोड है। ढालिया ने कहा कि फरवरी 2024 के आंकड़े बताते है कि 1,84,81,610 मतदाताओं की उम्र 18 से 19 वर्ष है यही वजह है कि केन्द्र की नरेन्द्र मोदी की सरकार इन युवाओं को मताधिकार का उपयोग जरूर करने के लिए प्रेरित का अभियान चला रही है। अध्यक्ष ढालिया ने कहा कि 'मेरा पहला वोट देश के लिए' नाम से यह पहल युवा मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से शैक्षणिक संस्थानों से लेकर अन्य उचित जगहों पर चलाई जा रही है। इस अभियान में स्वयं यशस्वी प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी खास दिलचस्पी ले रहे है। इस अभियान की बड़ी वजह यह रही कि 2014 व 2019 के हुए लोकसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को बड़ा फायदा मिला था और अब निश्चित तौर पर आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव में युवाओं के बल पर भारतीय जनता पार्टी को अभूतपूर्व फायदा होगा।

**कर्म का मर्म**

## अपराध छिपाने के लिए झूठ बोलने से बेहतर है...



उस छोटे से बालक को नित नए खेल में बड़ा आनंद आता। एक दिन उसके पिता ने उसे एक छोटी सी कुल्हाड़ी लाकर दी। बालक नया खिलौना पाकर खुशी से झूम उठा। अब वह दिन-रात कुल्हाड़ी से ही खेलता। एक दिन खेल-खेल में उसने कुल्हाड़ी से आम का एक पेड़ काट डाला। उस समय बालक के पिता बाहर गए हुए थे। शाम को जब पिता घर आए और उन्होंने आम के पेड़ को कटा देखा तो आग-बबूला हो गए। उन्होंने बालक से पूछा, 'यह आम का पेड़ किसने काटा है।' बालक सोचने लगा कि यदि वह सच बोलता है तो सजा अवश्य मिलेगी, लेकिन झूठ बोलने पर बचा जा सकता है। फिर बालक के मन ने कहा कि झूठ बोलने से सजा तो नहीं होगी किंतु झूठ बोलना भी तो गलत ही है। एक गलती को छिपाने के लिए दूसरी गलती करना अपराध ही है। यह सोच कर बालक बोला, 'मैंने इस पेड़ को काटा है।' बालक की बात सुनकर पिता के चेहरे पर प्रसन्नता झलक उठी। वह यह जान चुके थे कि पेड़ उनके पुत्र ने ही काटा है किंतु उन्होंने पुत्र की ईमानदारी परखने के लिए ही उससे यह बात पूछी थी। इसके बाद वह बोले, 'बेटा, तुमने सच बोलकर मेरा मन जीत लिया। मुझे लग रहा था कि तुम कहोगे कि पेड़ मैंने नहीं काटा है। किंतु तुमने मेरी आशा के विपरीत सच को स्वीकार किया। आज जो तुमने नुकसान किया है, मैं तुम्हें उसके लिए सजा नहीं दूंगा। किंतु यह जरूर कहूंगा कि चाहे कुछ भी हो जाए, जीवन में कभी भी झूठ न बोलना। बालक ने प्रण किया कि वह कभी भी झूठ नहीं बोलेगा। यही बालक आगे चलकर सच्चाई व मेहनत के बल पर देश के राष्ट्रपति पद पर विराजमान हुए। वह राष्ट्रपति थे डॉ. राजेंद्र प्रसाद।

## सेवार्थ भाव से दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में 3 मार्च को लगाया जाएगा शिविर, 15 लोगों के होंगे फ्री ऑपरेशन

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 1 मार्च :** सामाजिक सरोकारों व स्वास्थ्य सेवाओं के मामले में अग्रणी भूमिका निभाने वाले दिव्यांग पुनर्वास एवं स्वास्थ्य केंद्र में 3 मार्च को सेवार्थ भाव से शिविर आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में 15 जरूरतमंद लोगों की आंखों के सफेद मोतियाबिंद के निशुल्क ऑपरेशन अनुभवी व प्रशिक्षित चिकित्सकों द्वारा किए जाएंगे। दिव्यांग केंद्र में सभी मरीजों के लिए यह सुविधा उपलब्ध करवाई गई है कि किसी भी कार्यदिवस में निशुल्क नेत्र ऑपरेशन के लिए बिना कोई शुल्क दिए रजिस्ट्रेशन करवाया जा सकता है। भारत विकास परिषद की विवेकानंद शाखा द्वारा संचालित हिसार के बस स्टैंड के पास न्यू ऋषि नगर में स्थापित दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में नेत्र जांच, नेत्र चिकित्सा व नेत्र ऑपरेशन की तमाम आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अध्यक्ष सुरेंद्र कुच्छल, सचिव एडवोकेट राजेश जैन व प्रोजेक्ट हेड रामनिवास अग्रवाल ने बताया कि दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में समाजसेवियों के सहयोग से समय-समय पर जरूरतमंद लोगों की आंखों के सफेद मोतियाबिंद के निशुल्क ऑपरेशन किए जाते हैं।

## फतेहचन्द महिला महाविद्यालय में 'वित्तिय साक्षरता' विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 1 मार्च :** स्थानीय फतेहचन्द महिला महाविद्यालय, हिसार में वाणिज्य विभाग तथा एन.एस.सी. अकैडमी (नैशनल स्टॉक एक्सचेंज) के संयुक्त तत्तवाधान मे 'वित्तिय साक्षरता' विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका उद्देश्य छात्राओं का सर्वांगीण विकास करना है। उन्होंने छात्राओं को निवेश एवं बचत के महत्त्व को बताते हुए जागरूक किया। प्राचार्या डॉ. अनिता सहरावत ने मुख्य वक्ता श्री जगदीप पंघाल का हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन किया। इस प्रशिक्षण से लगभग 160 छात्राएं लाभान्वित हुई।

## जिंदल हॉस्पिटल रोड को जाने वाली मुख्य सड़क पर सीवरेज का पानी भरने से लोगों को हो रही परेशानी



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 1 मार्च :** स्थानीय जिंदल हॉस्पिटल रोड को जाने वाली मुख्य सड़क पर सीवरेज का पानी कई दिनों से भरा पड़ा है। जिस कारण। दयानंद कॉलोनी का एक तरफ का रास्ता रुका पड़ा है। जिस कारण स्थानीय लोगों को यहां से गुजरने से काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। निवासियों ने इसे जन स्वास्थ्य विभाग से तुरंत ठीक करने की। मांग की है।



# हकृवि के सात सामुदायिक रेडियो स्टेशन के माध्यम से कृषि संबंधित समस्याओं का जान सकेंगे हल : प्रो. बी.आर. काम्बोज

## किसानों तक नवीनतम जानकारियां पहुंचाने के लिए विश्वविद्यालय ने नेशनल फर्टीलाइजर लिमिटेड से किया समझौता




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 1 मार्च :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा संचालित सात सामुदायिक रेडियो स्टेशन कृषि क्षेत्र से जुड़ी नवीनतम जानकारियां, प्रौद्योगिकियों, नवाचारों व मौसम संबंधित सूचनाओं के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इनके द्वारा न केवल विश्वविद्यालय की नवीनतम शोध संबंधित जानकारियां प्रदान की जा रही है अपितु भारत सरकार एवं हरियाणा के किसान हितैषी योजनाओं को किसानों तक प्रभावी तरीके से भी पहुंचाया जा रहा है। ये विचार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने आज सामुदायिक रेडियो स्टेशन से संबंधित नेशनल फर्टीलाइजर लिमिटेड, पानीपत से समझौते के दौरान कही।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय देश का पहला ऐसा विश्वविद्यालय है, जिसके पास सात सामुदायिक रेडियो स्टेशन सिरसा, हिसार, जींद, पानीपत, रोहतक, झज्जर व कुरुक्षेत्र में कार्यरत है। इस समझौते के तहत विश्वविद्यालय नेशनल फर्टीलाइजर लिमिटेड के सहयोग से पीएम प्रणाम योजना के तहत रसायनिक उर्वरकों के उचित उपयोग से संबंधित कार्यक्रमों का प्रसारण करेगा। कुलपति ने कहा कि इसके प्रचार-प्रसार से किसान रसायनिक उर्वरकों का संतुलित उपयोग करके भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ाएंगे। विश्वविद्यालय के सभी रेडियो स्टेशन अपने-अपने क्षेत्रों में वैज्ञानिक वार्ताओं, प्रगतिशील किसानों की कहानियां, मनोरंजन गानों, रागनियों के माध्यम से रसायनिक खाद के संतुलित उपयोग को बढ़ावा देने के कार्यक्रम प्रसारित किए जाएंगे।

मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. मंजू महता ने बताया कि कुलपति प्रो. काम्बोज की उपस्थिति में विश्वविद्यालय की ओर से समझौता ज्ञापन पर विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल व सह विस्तार निदेशक डॉ. कृष्ण कुमार यादव ने हस्ताक्षर किए, जबकि नेशनल फर्टीलाइजर लिमिटेड की ओर से पानीपत स्थित ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट के डिप्टी मैनेजर कुलवंत सिंह पँवार और वित्तीय एवं प्रबंधन में असिस्टेंट मैनेजर मिस. कनिका ठाकुर ने समझौते पर हस्ताक्षर किए।

इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, एसवीसी कपिल अरोड़ा सहित नेशनल फर्टीलाइजर लिमिटेड के अधिकारीगण मौजूद रहे।

### हकृवि एकमात्र कृषि विश्वविद्यालय जो सात रेडियो स्टेशन के माध्यम से किसानों को दे रहे सलाह

विश्वविद्यालय के कुलसचिव एवं विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि हकृवि के सात रेडियो स्टेशन किसानों तक कृषि की नवीनतम जानकारियां व मौसम संबंधित सूचनाएं प्रदान करने में अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं। इसी कड़ी में पीएम प्रणाम योजना के तहत आधे घंटे के कुल 180 प्रोग्राम प्रति रेडियो स्टेशन के हिसाब से कुल 1260 कार्यक्रम प्रसारित किए जाएंगे। इस योजना के तहत विश्वविद्यालय को कुल 50.40 लाख रुपये दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय ने उत्तर भारत के किसानों के लिए पहला सामुदायिक रेडियो स्टेशन स्थापित किया था। इसके बाद हरियाणा सरकार के सहयोग से अन्य सामुदायिक रेडियो स्टेशन लगाए गए है। इस तरह के समझौते से इनके संचालन से किसानों को फायदा पहुंचेगा।

# विधेयकों पर चर्चा में शामिल होने में विपक्ष के विधायकों की दिलचस्पी नहीं : ज्ञानचंद गुप्ता

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 1 मार्च :** हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने बुधवार को बजट सत्र के समापन के बाद गुरुवार को कहा कि सदन में पारित किए जाने वाले विधेयको पर चर्चा में भाग लेने में विपक्ष के विधायको की दिलचस्पी नही होती है। विधानसभा की ओर से तो उन्हे तीन दिन पूर्व विधेयक की प्रति उपलब्ध कराई जाती है ताकि वे तैयारी कर चर्चा में भाग ले सके।

गुप्ता ने मीडिया के सवालों के जवाब में यह बात कही। गुप्ता से सवाल किया गया था कि क्यों सदन में विधेयक बगैर चर्चा के पारित कर दिए जाते है। उन्होंने कहा कि विधायकों और खासकर विपक्ष के विधायको को विधेयकों के अध्ययन के लिए पर्याप्त समय दिया जाता है, लेकिन वे चर्चा में दिलचस्पी नही लेते। हालांकि गुप्ता ने कहा कि इस बार बजट सत्र में 45 घंटे कार्यवाही चली। सभी विधायको ने किसी न किसी रूप में चर्चा में भाग लिया।उन्होंने बताया कि सदन की कार्यवाही 20 फरवरी से शुरू होकर 28 फरवरी तक चली। सत्र की उत्पादकता 106.90 फीसदी रही।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने दो घंटे में बजट भाषण प्रस्तुत किया। बजट पर 8 घंटे 17 मिनट चर्चा हुई। इस चर्चा में 59 विधायकों ने हिस्सा लिया। इनमें भाजपा के 26, जेजेपी के 7, कांग्रेस के 19, इनेलो के एक और निर्दलीय 6 विधायक शामिल हुए। गुप्ता ने बताया कि ध्यानाकर्षण प्रस्ताव ऐसे विषय पर चर्चा के लिए स्वीकार किए जाते है जो कि तात्कालिक रूप से सामने आते है। ऐसी समस्याएं जो पहले से ही चली आ रही हो तो उन्हे स्वीकार नही किया जाता। इसीलिए इस बार 54 ध्यानाकर्षण सूचनाएं प्राप्त हुई थी जिनमें से सात को ही स्वीकार किया गया। उन्होंने बताया कि स्थगन प्रस्ताव की एक सूचना प्राप्त हुई थी और इस पर 26 फरवरी को एक घंटा ग्यारह मिनट चर्चा कराई गई। इस चर्चा में सोलह विधायको ने भाग लिया।तीन गैर सरकारी प्रस्ताव नामंजूर किए गए। अल्प अवधि चर्चा का एक प्रस्ताव भेजा गया था। इसे भी नामंजूर किया गया। एक प्राइवेट सदस्य विधेयक टिप्पणी के लिए सरकार को भेजा गया है।

मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर तीन घंटे चौवन मिनट चर्चा कराई गई। कुल 14 विधायकों ने चर्चा में भाग लिया जिनमें भाजपा के 4,जेजेपी के 2, कांग्रेस के 7, इनेलो के एक विधायक शामिल हुए। सदन में 13 विधेयक मंजूर किए गए। राज्य गीत चयन समिति की रिपोर्ट पर जय जय हरियाणा गीत का चयन किया गया।

# स्वामित्व योजना व हरियाणा लार्ज स्केल मैपिंग परियोजना को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 1 मार्च :** उपायुक्त उत्तम सिंह ने स्वामित्व योजना के तहत संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्रॉपर्टी कार्ड बनाने व रजिस्ट्रियों से संबंधित अन्य लंबित मामलों का तत्परता से निपटान करने के निर्देश दिए हैं। वे वीरवार को लघु सचिवालय स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंस सभागार में स्वामित्व योजना व हरियाणा लार्ज स्केल मैपिंग परियोजना (एचएएलएसएमपी) को लेकर अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भू-मालिकों की भूमियों की रजिस्ट्रियों से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए पटवारियों एवं ग्राम सचिवों की रिपोर्ट के आधार पर जमीन का सही मापन किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों को शीघ्र निपटान करने के निर्देश दिए। स्वामित्व योजना का उद्देश्य मालिकों को रिकॉर्ड/संपत्ति कार्ड प्रदान करना है। उपायुक्त उत्तम सिंह ने विकास एवं पंचायत विभाग को जिले के गांवों में होने वाली सभी रजिस्ट्रियों की सही आकलन करने के निर्देश दिए। सभी तहसीलदारों को अपने अंतर्गत आने वाले प्रत्येक गांव की प्रॉपर्टी आईडी को पूर्ण करके पोर्टल पर पटवारियों के हस्ताक्षर उपरांत जल्द अपलोड करने की हिदायत दी गई है। इसी प्रकार से उन्होंने पीपीपी आधार अपडेशन, प्रॉपर्टी मैपिंग तथा प्रॉपर्टी कार्ड अपडेशन के कार्य में तेजी लाने के लिए कहा गया। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त नीरज, जिला राजस्व अधिकारी चेतना चौधरी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# कंप्यूटर साक्षरता मिशन में चिड़ौद रहा जिले में प्रथम

## डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने किया डायरेक्टर को सम्मानित




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 1 मार्च :** तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में आज बच्चे अच्छा मुकाम हासिल कर रहे हैं। कंप्यूटर शिक्षा आज हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण हैं। इसलिए हर बच्चा कंप्यूटर की शिक्षा में महारथ हासिल करे। यह बात हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर रणवीर सिंह गंगवा ने चिड़ौद गांव में स्थित विश्वकर्मा कंप्यूटर साक्षरता मिशन संस्था के वार्षिक समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए कही। डिप्टी स्पीकर ने चिड़ौद विश्वकर्मा कंप्यूटर सेंटर को जिले में प्रथम स्थान पर डायरेक्टर सुनील सर्वा को भी सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान कर उन्हें जीवन में स्वरोजगार अपनाने तथा कंप्यूटर के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर देने के लिए सेंटर बधाई का पात्र है। इस अवसर पर अध्यक्ष सुरेश जांगड़ा ने संस्थान के डायरेक्टर को सम्मानित किया। मैनेजिंग डायरेक्टर सुरेंद्र सर्वा ने इस उपलब्धि का श्रेय संस्था के अध्यापकों की अथक मेहनत को दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के बलबूते आज इस संस्था के विद्यार्थी सरकारी व गग्र सकारी क्षेत्र में अच्छे मुकाम पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि संस्थान में कंप्यूटर कोर्स के अलावा नर्सरी टीचर ट्रेनिंग, फायर एंड सेफ्टी, योग, ब्यूटी पार्लर तथा होटल मैनेजमेंट के कोर्स होते हैं तथा डिजिटल इंडिया मिशन को सक्षम बनाने में लगातार प्रयासरत हैं। कार्यक्रम में हरियाणा राज्य जैव विविधता बोर्ड पंचकूला जिला जींद समन्वयक अधिकारी विष्णु कुमार बागड़ी ने कहा कि आसपास के क्षेत्र के लिए संस्थान कंप्यूटर शिक्षा का प्रेरणास्रोत के रूप में कार्य कर रहा है क्योंकि आज के युग में कंप्यूटर के बिना जीवन अधूरा सा है। इसलिए हर व्यक्ति को अपने जीवन में कंप्यूटर का ज्ञान होना अति आवश्यक है। इस दौरान अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

# मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण, गिरदावरी को लेकर उपायुक्त ने ली अधिकारियों की बैठक



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 1 मार्च :** उपायुक्त उत्तम सिंह ने मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण तथा गिरदावरी को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्धारित कार्य जल्द से जल्द पूरा करने की हिदायत दी है। उपायुक्त ने हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल की अध्यक्षता में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के उपरांत राजस्व एवं कृषि तथा किसान कल्याण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे फसल गिरदावरी व सत्यापन का कार्य सुनिश्चित करें। हरियाणा लैंड रिकॉर्ड इनफॉर्मेशन सिस्टम के साथ इसका समावेश किया गया है, जो जीपीएस सिस्टम पर आधारित है। उन्होंने बताया कि एप के माध्यम से एकत्र किए जाने वाले डेटा का इस्तेमाल खरीद के दौरान भी किया जाएगा। इसके अतिरिक्त किसान को मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण होना अनिवार्य है। पंजीकृत किसान फसल बिक्री व सरकार द्वारा चलाई जा रही अन्य योजनाओं का लाभ सरलता से ले सकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि तहसीलों में आमजन से जुड़े कार्यों में तेजी लाएं। तहसीलों में रजिस्ट्री, जमाबंदी आदि जुड़े कार्यों को समय पर पूरा किया जाए। अधिकारी विशेषतौर पर यह ख्याल रखें कि आमजन को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# जीजेयू में गैर शिक्षक कर्मचारी कल्याण संघ द्वारा राजेन्द्र भाटिया की सेवानिवृति पर सेवा सम्मान समारोह का आयोजन




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 1 मार्च :** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार के गैर शिक्षक कर्मचारी कल्याण संघ द्वारा राजेन्द्र भाटिया की सेवानिवृति पर सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता संघ के प्रधान रामनिवास वर्मा ने की। महासचिव पुनीत खुराना ने बताया कि राजेन्द्र भाटिया विश्वविद्यालय में वर्ष 1997 में सेवादार के पद पर ज्वाइन किया था। 27 वर्ष के सेवाकाल के दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों व ब्रांचों में कार्य किया। सेवाकाल के दौरान उन्होंने ईमानदारी व लग्न से कार्य किया। संघ द्वारा सेवानिवृत कर्मचारी को स्मृतिचिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर ओमप्रकाश दहिया, सुनील शर्मा, उदय सिंह, दिनेश चुघ, डा. एसबी लुथरा, विजय, सुरेन्द्र पूनिया, देशराज वर्मा, अतुल चैपड़ा, प्रेम मोंगा, महेन्द्र सचदेवा, भूषण गर्ग, इन्द्राज भारती, विपीन वधवा, सतबीर जांगड़ा व सतीश भुटानी सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहें।

# किसान सभा ने सभा के वरिष्ठ नेता बारुराम मुकलान के निधन पर शोक जताया

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 1 मार्च :** किसान सभा ने सभा के वरिष्ठ नेता व किसानों के हर संघर्ष में अग्रणी रहने वाले किसान नेता बारुराम मुकलान के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। लघु सचिवालय के बाहर किसानों के चल रहे अनिश्चितकालीन धरने पर शोक सभा का आयोजन किया गया। सभा के जिला प्रधान शमशेर सिंह नंबरदार व तहसील प्रधान सूबे सिंह बूरा ने प्रेस को जारी बयान में बताया कि किसानों के हर संघर्ष में कदम से कदम मिलाकर चलने वाले किसान नेता बारुराम मुकलान ने किसानों के हित में अनेक बार गिरफ्तारियां दी। आज भी किसान आंदोलन के संदर्भ में अदालतों में मुकदमें चल रहे हैं। किसान सभा के तहसील सचिव रमेश मिरकां ने बताया कि कैंसर जैसी घातक बीमारी से पीड़ित होने के बावजूद भी बारुराम मुकलान किसानों व मजदूरों के आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाते थे। संयुक्त किसान मोर्चा व किसान सभा ने एक निर्भीक व निडर साथी खो दिया, जिसकी पूर्ति होना असंभव है। शोक सभा में जिला प्रधान शमशेर सिंह नंबरदार, तहसील प्रधान सूबे सिंह बूरा, जयवीर सरपंच स्याहड़वा, मुकेश डाया, यादवेंद्र नंबरदार, कर्मवीर पूनिया, सतीश लाडवा, धर्मवीर स्याहड़वा, सुरेंद्र मान, रतन मात्रश्याम, जसबीर, बलराज, लक्ष्मण शाहपुर, हनुमान जोहर, महासिंह राजली, दिनेश सिवाच, संजय लाडवा, राजवीर न्यौली, सतबीर भाकर, सुखबीर न्यौली कलां, शमशेर कनोह, रामदिया कनोह, ईश्वर लाडवा, भीम दहिया, सीताराम बासड़ा, वीरेंद्र बागोरिया राकेश ठाकन आदि भी उपस्थित रहे।

# ओ.एस.जी.यू. में होगा 8 और 9 मार्च को जॉब फेयर

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 1 मार्च :** ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्विद्यालय में 8 और 9 मार्च को पूल कैंपस नाम से जॉब फेयर का भव्य आयोजन किया जा रहा है। विश्विद्यालय के चांसलर डॉ पुनीत गोयल और प्रो चांसलर डॉ पूनम गोयल ने बताया कि विश्विद्यालय में पिछले साल की तरह इस बार भी जॉब फेयर का आयोजन किया जा रहा है और इस बार के जॉब फेयर में 110 से ज्यादा कंपनी विद्यार्थियों की स्किल्स और उनकी नॉलेज के आधार पर उन्हें जॉब ऑफर करेंगी। प्रो चांसलर डॉ पूनम गोयल ने बताया की इस जॉब फेयर का मकसद युवाओं को रोजगार उपलब्ध करना है। ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्विद्यालय युवाओं को एक बेहतरीन मौका दे रही है की युवा अपनी स्किल्स और मेहनत के जरिए नौकरी प्राप्त कर सकते है। इस जॉब फेयर की खास बात यह भी है की विश्विद्यालय के विद्यार्थी और पूरे हरियाणा राज्य के विभिन्न जिलों के विद्यार्थी भी इस जॉब फेयर का हिस्सा बन सकते है। जो युवा इस जॉब फेयर के हिस्सा बनने में रुचि रखते है वह अपना रजिस्ट्रेशन ओ. एस. जी. यू की वेबसाइट (www.osgu.ac.in) पर जाकर अपना नाम निशुल्क रजिस्ट्रर करवा सकते है। विश्विद्यालय के कुलपति डॉ एन. पी. कौशिक ने विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धा का हिस्सा बनने के लिए प्रोत्साहित किया और विश्विद्यालय के प्रति-कुलपति डॉ राजेंद्र सिंह छिल्लर से खास बातचीत के दौरान उन्होंने कहा की जॉब फेयर की तैयारियां जोरो-शोरो से चल रही है और ओ.एस.जी.यू. सभी युवाओं को इस जॉब फेयर के लिए निमंत्रण देता है। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग के डीन डॉ अमित नांदल इस जॉब फेयर के संचालक रहेंगे। उन्होंने कहा की ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्विद्यालय देश के युवाओं को रोजगार दिलवाने में अहम भूमिका अदा कर रहा है।

# खेल नर्सरी खोलने के लिए 15 मार्च तक आवेदन आमंत्रित

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 1 मार्च :** हरियाणा सरकार प्रदेश में नई खेल प्रतिभाओं को उभारने के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रही है, जिसके लिए सरकार की ओर से खेल नर्सरी योजना शुरू की गई है। यह जानकारी देते हुए एक प्रवक्ता ने बताया कि खेल और युवा कार्यक्रम विभाग की ओर से खेल नर्सरी योजना के तहत सरकारी, निजी शिक्षण संस्थानों, पंचायत एवं निजी खेल संस्थानों से खेल नर्सरी स्थापित करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि योजना का उद्देश्य राज्य में प्रारंभिक रूप से खेलों को बढ़ावा देने तथा ग्रास रूट लेवल पर खेल प्रतिभाओं को उभारना है। खेल नर्सरी योजना के तहत खेल नर्सरी ओलंपिक, एशियन व कॉमनवेल्थ गेम्स में सम्मिलित खेलों के लिए ही खोली जा सकेंगी, जिसके लिए इच्छुक संस्थान खेल विभाग हरियाणा के पोर्टल https://haryanasports.gov.in/ पर 15 मार्च 2024 तक तक आवेदन कर सकते हैं।

### गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस की दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस शुरू

# हमने पृथ्वी को आने वाली पीढ़ियों के लिए भी सुरक्षित रखना है : प्रो. नरसी राम बिश्नोई







**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 1 मार्च :** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार (गुजविप्रौवि) के हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस (एचएसबी) की दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस गुरुवार से विश्वविद्यालय के चौधरी रणबीर सिंह सभागार में शुरू हुई। 'सततता, तकनीकी उद्यमियता तथा प्रबंधन (स्टेम-2024)' विषय पर शुरू हुई अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस के उद्घाटन समारोह के मुख्यातिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई थे। मुख्य वक्ता आईआईएम रायपुर के निदेशक प्रो. रामकुमार ककानी रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में लेक्सिस नेक्सिस कनाडा के तकनीकी हैड अंशुल रोहिल तथा कुलसचिव प्रो. विनोद छोकर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अध्यक्षता एचएसबी के निदेशक प्रो. विनोद कुमार बिश्नोई ने की। एचएसबी के डीन प्रो. कर्मपाल नरवाल, कॉन्फ्रेंस संयोजक डा. मणीश्रेष्ठ भी मंच पर उपस्थित रहे।

कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने अपने संबोधन में कहा कि हमने पृथ्वी को आने वाली पीढ़ियों के लिए भी सुरक्षित रखना है। संस्थानों में प्रबंधन की शिक्षा व शोध भविष्य की आने वाली पीढ़ियों की सुरक्षा व जरूरतों के अनुसार की जानी चाहिए। गुरु जम्भेश्वर जी महाराज के नाम पर स्थापित गुजविप्रौवि सतत विकास के सिद्धांतों को अपनाते हुए विश्वस्तरीय पहचान बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। सतत विकास के मूल सिद्धांतों को धरातल पर लाकर ही हम 2047 तक विकसित राष्ट्र के सपनों को पूरा कर सकेंगे। उन्होंने अपने संबोधन में विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग, स्वायतता, एच-इंडेक्स तथा साइटेशन की जानकारी देते हुए बताया कि यह विश्वविद्यालय इस क्षेत्र में लगातार अपनी श्रेष्ठता साबित कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह कॉन्फ्रेंस विश्वविद्यालय के वैश्विक स्तर के संस्थानों के साथ सहयोग को बढ़ावा देगी तथा प्रतिभागियों के लिए अत्यंत उपयोगी होगी।

मुख्य वक्ता प्रो. रामकुमार ककानी ने अपने संबोधन में कहा कि सतत विकास निश्चित तौर पर भारत ही नहीं, बल्कि विश्व के समक्ष चुनौती है। साथ ही उन्होंने कहा कि इस चुनौती में प्रबंधन के लिए मौके भी हैं। प्रबंधन से जुड़े हितधारी अपने कौशल को बढ़ाकर इन मौकों का फायदा उठा सकते हैं। उन्होंने सततता, तकनीकी उद्यमियता तथा प्रबंधन के विभिन्न आयामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा कहा कि प्रबंधन समाज उपयोगी होना चाहिए। उन्होंने आईआईएम रायपुर के 'मैनेजिंग सोशल इम्पैक्ट' विषय का उदाहरण देते हुए कहा कि इस प्रकार के विषय सभी प्रबंधन संस्थानों में पढ़ाए जाने चाहिएं। उन्होंने कहा कि कोर्पोरेट सैक्टर भी इस दिशा में संस्थानों की मदद करता है।

लेक्सिस नेक्सिस, कनाडा के तकनीकी हैड अंशुल रोहिल ने अपने संबोधन में कहा कि सतत विकास भारतीय प्राचीन परम्परा का मूल सिद्धांत रहा है। उन्होंने कहा कि हम तो पुनर्जन्म में विश्वास रखते हैं इसलिए हमारी यह जिम्मेदारी बनती है कि हम अगले जन्म के लिए भी कुछ छोड़कर जाएं। हम जो प्रकृति से लेते हैं, हमें उसे वापिस भी करना चाहिए। खुद को श्रेष्ठ बनाकर ही हम समाज के लिए कुछ कर पाएंगे। अंशुल ने प्रतिभागियों को 'बिजनेस मंत्राज एंड लाइफ हेक्स' विषय पर विशेषज्ञ संबोधन भी दिया।

कुलसचिव प्रो. विनोद छोकर ने इस अवसर पर कहा कि पर्यावरण और समाज की सुरक्षा के लिए प्रकृति को सुरक्षित रखना बेहद जरूरी है। तकनीक और प्रबंधन इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। उन्होंने कहा कि स्टेम 2024 प्रतिभागियों के लिए अत्यंत उपयोगी होगा।

#### 50 से अधिक विदेशी शोधार्थी प्रतिभागी ले रहे हैं भाग

प्रो. विनोद कुमार बिश्नोई ने बताया कि कॉन्फ्रेंस में न्यूजीलैंड, आस्ट्रेलिया, कनाडा, पोलैंड, नाइजीरिया, बंगलादेश, आदि देशों के 50 से अधिक प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। विदेशी प्रतिभागियों के रहने, खाने तथा भाषा संबंधी व्यवस्थाओं के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। विदेशी प्रतिभागी भी इस कॉन्फ्रेंस को लेकर उत्साहित हैं।

निदेशक प्रो. विनोद कुमार बिश्नोई ने अपने स्वागत संबोधन में कहा कि स्टेम 2024 एचएसबी की सततता, तकनीकी उद्यमियता तथा प्रबंधन के क्षेत्र में प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह कॉन्फ्रेंस अपने सभी उद्देश्यों को हासिल करते हुए इस विषय पर भविष्य का रोडमैप भी तैयार करेगी।

अधिष्ठाता प्रो. कर्मपाल नरवाल ने एचएसबी के बारे में बताया तथा कहा कि यह प्रतिष्ठित संस्थान आउटकम बेस्ड शोध व शिक्षा के सिद्धांत को अपनाता है।

कॉन्फ्रेंस के संयोजक डा. मणी श्रेष्ठ ने कॉन्फ्रेंस के विभिन्न सत्रों के बारे में जानकारी दी तथा बताया कि इस कॉन्फ्रेंस में भारत तथा दुनिया के कई देशों के 50 से अधिक विषय विशेषज्ञ ऑनलाइन तथा ऑफलाइन प्रतिभागियों को संबोधित कर रहे हैं। इस अवसर पर एक संपादित पुस्तक 'एनालिक्ट' का विमोचन भी किया गया। इस पुस्तक में 38 श्रेष्ठ पेपर चयनित किए गए हैं। इस पुस्तक का संपादन प्रो. विनोद कुमार बिश्नोई, प्रो. कर्मपाल नरवाल, प्रो. श्वेता, प्रो. वंदना, प्रो. हिमानी, डा. मणीश्रेष्ठ तथा डा. विनीता अहलावत द्वारा किया गया है। धन्यवाद प्रस्ताव प्रो. वंदना ने किया। कॉन्फ्रेंस में देश व विदेशों से 400 से अधिक प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।

# लुवास के पशु चिकित्सा नैदानिक परिसर की तीन दिवसीय कार्यशाला का समापन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 1 मार्च :** लाला लाजपत राय पशु-चिकित्सा एवं पशु-विज्ञान विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सा नैदानिक परिसर में आयोजित पशुओं की बीमारियों के डायग्नोस्टिक चिकित्सा में इमेजिंग तकनीकों के विषय में तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला एवं प्रशिक्षण के समापन समारोह के अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर कुलपति डॉ. विनोद कुमार वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों द्वारा दिया गया समय भविष्य में उनके लिए अत्यंत लाभदायक रहेगा। उन्होंने प्रतिभागियों को सिखाई गई तकनीकों व विधियों का इस्तेमाल अपने कार्यक्षेत्र में करने के लिए प्रेरित किया। कुलपति महोदय ने बताया कि लुवास विश्वविद्यालय द्वारा भविष्य में इसी तरह की ओर भी राष्ट्रीय स्तरीय कार्यशालाएं करवाई जाएँगी, जिससे पशु चिकित्सकों, स्नातकोत्तर छात्रों इत्यादि को उनके विषय में हुए आधुनिक विकास से सम्बंधित जानकारी व व्यक्तिगत प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गये। उन्होंने पशु चिकित्सा विभाग के प्रशिक्षकों एवं कर्मचारियों को कार्यशाला के सफलतापूर्वक समापन पर बधाई दी। अनुसंधान निदेशक डॉ. नरेश जिंदल, कुलसचिव डॉ. सुरेंद्र सिंह ढाका, स्नातकोत्तर अधिष्ठाता डा. मनोज रोज, छात्र कल्याण निदेशक डॉ. पवन कुमार तथा विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष भी इस अवसर पर मौजूद थे। प्रशिक्षण के बारे में जानकारी देते हुए पशु चिकित्सा विभाग के विभागाध्यक्ष तथा इस प्रशिक्षण कार्यशाला के निदेशक डॉ ज्ञान सिंह ने बताया की इस तीन दिवसीय राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यशाला में देश भर के विभिन्न संस्थानों से 12 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इन दौरान उन्हें पशु इमेजिंग तकनीकों में व्यावहारिक प्रशिक्षण के अलावा प्रतिदिन प्रैक्टिकल ट्रेनिंग भी दी गई।







# राजकीय महाविद्यालय में वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव उमंग का आयोजन

### हरियाणवी डांस, सोलो डांस, गायन एवं काव्य पाठ प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने बांधा समां

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 1 मार्च :** हरियाणा उच्चतर शिक्षा के सौजन्य से राजकीय महाविद्यालय हिसार में वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव उमंग सांस्कृतिक प्रोग्राम हुआ। हरियाणवी डांस, सोलो डांस, गायन एवं काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. दीपमाला लोहान रही। उन्होंने टीम को बधाई देते हुए कहा की महाविद्यालय में टेलेंट की कोई कमी नही है। ऐसी कार्यक्रम होने चाहिए जो आपको अपनी संस्कृति से जोड़ें रखें, विद्यार्थियों के चौमुखी विकास के लिए ऐसे कार्यक्रम







जरूरी है। सांस्कृतिक प्रोग्राम के कन्वीनर सुरेंद्र बाजिया के मार्गदर्शन में और उनकी टीम के द्वारा रंगा रंग प्रोग्राम के लिए प्राचार्य ने बधाई दी। प्रोग्राम में हिंदी एमए फाइनल से भूपेंद्र ने हरियाणवी की संस्कृति न बचाना है, शीर्षक से हरियाणवी रागनी गा कर समां बांधा। प्रगति बी कॉम द्वितीय वर्ष ने लता मंगेसर का गीत बड़े अच्छे लगते हो, अपनी मधुर आवाज से गा गा कर सभी को मंतर मुग्ध किया। अंजली बीए 2 द्वितीय वर्ष ने फॉक सॉन्ग पे डांस करके सभी दर्शकों को झूमने के लिए मजबूर कर दिया। मनीषा एमए फाइनल राजनीतिक विज्ञान ने हर किसी को नही मिलता यहां प्यार जिन्दगी में, गीत गाया। कालजा ने छोलूंगी मीठी मीठी बोलूंगी, भांग रगडके पीया करूं, गुंगरू तोड़ के मानेगी, फॉक डांस ने माहौल ऐसा बनाया कि सभी विद्यार्थी थिरकने लगे। प्रोफेसर राजकुमार महला ने रागनी गाकर समां बांधा। मीडिया प्रभारी डॉक्टर स्नेह लता और सह प्रभारी डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि फॉक सॉन्ग में एमए हिंदी फाइनल भूपेंद्र, अंजली विपुल क्रमश प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। जनरल सॉन्ग में बी कॉम की प्रगति ने प्रथम, माधुरी बीकॉम ने द्वितीय, तथा सिमरन बीए प्रथम ने तृतीय स्थान प्राप्त, जनरल डांस में अनन्या ने प्रथम, पायल ने द्वितीय और सुनील ने तृतीय स्थान हासिल किया। हरियाणवी कविता पाठ में एमए हिंदी द्वितीय वर्ष की छात्रा मोनिया ने प्रथम, दीप्ति शर्मा द्वितीय और दीप्ति तृतीय रही। और हिंदी कविता पाठ में बीए ऑनर्स की छात्रा माधुरी ने प्रथम, अजय द्वितीय और बसकर तृतीय, स्थान पाया। इसके अलावा हरयाणवी डांस में नवीन, विकास, और शिवम् ने क्रमश प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंजू चौधरी, डॉक्टर शशी की टीम की सभी ने प्रशंसा की। निर्णायक मंडल में डॉक्टर निर्मल बूरा, वन्दना गोयल कमलेश, स्वीटी, सुदेश शर्मा, रही तो वही मंच का संचालन प्रोफेसर मुकेश और प्रोफेसर नेहा बिश्नोई ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टॉफ मौजूद था।

# राजकीय बहुतकनीकी आदमपुर में 38वीं वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का समापन








### आदमपुर बहुतकनीकी में सारिका और विनय बने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 1 मार्च :** राजकीय बहुतकनीकी आदमपुर में खेल प्रभारी वरिष्ठ प्राध्यापक प्रवीण पानू व रमेश कुमार के निर्देशन में चल रही दो दिवसीय 38 वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आज समापन हुआ। मीडिया कोर्डिनेटर वरिष्ठ प्राध्यापक राकेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि कंप्यूटर विभाग की सारिका व सिविल विभाग का विनय सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए। सारिका लगातार तीन वर्षों से संस्थान की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी जा रही है।

सारिका 800 मीटर व 400 मीटर दौड़ में प्रथम, 100 मीटर व 200 मीटर दौड़, ऊंची कूद व जेवलिन थ्रो में द्वितीय स्थान पर रहकर यह खिताब जीता। वहीं विनय ने 1500 मीटर, 800 मीटर व 400 मीटर दौड़ में प्रथम, डिस्कस थ्रो व 200 मीटर दौड़ में द्वितीय, ऊंची कूद व 100 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान पर रहकर यह खिताब जीता। लड़कियों की कैटेगरी में शीतल द्वितीय व अंकिता तृतीय सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रही। लड़कों की कैटेगरी में मनीष द्वितीय व नवीन तृतीय सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए। मनीष व निधि ने संस्थान के सबसे तेज धावक का खिताब जीता।

संस्थान की तरफ से प्राचार्य डॉ कुलवीर सिंह अहलावत, खेल प्रभारी प्रवीण पानू व रमेश कुमार ने सर्वश्रेष्ठ प्रथम खिलाड़ी को 5100 रुपए द्वितीय को 3100 रुपए व तृतीय को 2100 रुपए के इनाम, ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

स्टाफ रिले रेस 4×100 में ऑफिस स्टाफ की टीम जयदीप, विक्रम, आशीष व विजय की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। महिला स्टाफ की थ्रो बाल प्रतियोगिता में पूजा रानी प्रथम, कुमारी पूजा द्वितीय व बिमला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

प्राचार्य डॉ कुलवीर सिंह अहलावत सभी विजेताओं व प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि सभी विद्यार्थियों को बढ़ चढ़कर खेलों में हिस्सा लेना चाहिए। प्राध्यापक कपिल भोरिया ने सभी प्रतियोगिताओं की शानदार कमेंट्री की। खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। एनएसएस प्रभारी राकेश शर्मा ने एनएसएस के स्वयंसेवकों को उनके द्वारा इस आयोजन में सहयोग के लिए भूरी भूरी प्रशंसा की। खेल प्रभारी ने अंत में सभी सहयोगियों व विशेष आमंत्रित कोच डॉ सुंदरपाल मोर व डॉ ओ पी भादू का आभार व्यक्त किया।

वरिष्ठ प्राध्यापक राकेश शर्मा की ओर से सर्वश्रेष्ठ प्रथम खिलाड़ियों सारिका व विनय को 8वीं राजेश मेमोरियल ट्रॉफी व 1100 रुपए के नकद पुरस्कार से नवाजा।

# एक यूनिट रक्त से आपातकालीन स्थिति बच सकती है तीन लोगों की जान : कमलेश दूहन

## राजकीय महाविद्यालय नलवा हिसार में रेड रिबन क्लब एवं रेड क्रॉस समिति एवं दा इंस्पायर इंडिया एनजीओ के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन





**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 1 मार्च :** राजकीय महाविद्यालय नलवा हिसार में आज रेड रिबन क्लब एवं रेड क्रॉस समिति एवं दा इंस्पायर इंडिया एनजीओ के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय आत्म-क्षति जागरूकता दिवस के उपलक्ष्य पर महाविद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर के लिए सिविल हॉस्पिटल नलवा से मेडिकल टीम डॉक्टर डिंपी के नेतृत्व में टीम महाविद्यालय पंहुची।

रक्तदान शिविर का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. कमलेश दूहन द्वारा किया गया। उन्होंने संबोधन में कहा कि रक्तदान बड़े ही पुण्य का कार्य है। जीवन में प्रत्येक व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए। एक यूनिट रक्त से आपातकालीन स्थिति में तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है। रक्तदान करने से शरीर को कई भावनात्मक तथा शारीरिक लाभ मिलते हैं ब्लड डोनेट करने से बल्ब प्रेशर और दिल के दौरे का जोखिम कम हो सकता है।

इस अवसर पर बलजीत फौगाट नलवा हल्का से बीजेपी के मंडल अध्यक्ष ने मुख्य अतिथि की भूमिका निभाई एवं रक्तदाताओं को आशीर्वाद दिया। बलजीत फौगाट ने स्वयं रक्तदान करके रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया। विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी श्री बाबूराम मित्तल गुरेज प्रॉपर्टीज ने रक्तदाताओं को उपहार वितरित करने के लिए भेंटस्वरूप 20000 रुपए की धनराशि कॉलेज प्रशासन को भेंट की इस पर प्राचार्य महोदया ने उनका धन्यवाद किया।

कार्यक्रम के अंत में रेड रिबन क्लब एवं रेड क्रॉस कमेटी की संयोजिका वाणिज्य विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर मीना बुधवार पानू ने सिविल हॉस्पिटल की मेडिकल टीम एवं एनजीओ की टीम के सभी सदस्यों का इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग के लिए एवं पूर्ण निष्ठा से कार्य करने के लिए हृदय की गहराइयों से धन्यवाद किया। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने में एन एस एस वॉलिंटियर्स का विशेष योगदान रहा जिसके लिए उन्हें मेडल प्रदान किए गए। इस रक्तदान शिवर में गांव वीडियो एवं छात्रों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। आईटीआई से भी छात्रों ने इस शिविर में हिस्सेदारी की। सभी रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट और मेडल प्रदान किए गए। इस शिविर के दौरान कल 45 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस अवसर पर प्रोफेसर शैलेंद्र सिंह, डॉ. मीनाक्षी शर्मा, अनिल गौतम, एनएसएस प्रभारी सोनू, डॉ विनोद गिल, डॉ. कविता खरीदा, निर्मला, डॉक्टर सुनीता, सरोज बाला, डॉ. अशोक कुमार एवं डॉ. अनिल कुमार व अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# भाविप केशव शाखा व श्री दिगम्बर जैन पंचायत के संयुक्त तत्वाधान में 3 मार्च होगा विशाल निशुल्क मेडिकल परामर्श शिविर का आयोजन

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 1 मार्च :** रविवार को जैन औषधालय नागोरी गेट हिसार में गतवर्ष की भांति विशाल निशुल्क मेडिकल चैकअप कैम्प एवम आंखों के सफेद मोतियाबिंद का निशुल्क ऑपेरशन कैम्प व विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन भाविप केशव शाखा हिसार व श्री दिगम्बर जैन पंचायत हिसार द्वारा किया जा रहा है। संपर्क सहयोग संस्कार सेवा एवं समर्पण के पांच मूलभूत सिद्धांतों के आदर्श पर चलने वाली सामाजिक संस्था भारत विकास परिषद केशव शाखा हिसार एवं अहिंसा परमो धर्म व जीव दया के संकल्प से संकल्पित श्री दिगंबर जैन पंचायत हिसार, दोनों संस्थाओं के संयुक्त तत्वाधान में कंधे से कंधा मिलाकर एक विशाल निशुल्क मेडिकल परामर्श शिविर, आंखों के सफेद मोतिया बिंद के निशुल्क आपेरशन शिविर एवं रक्तदान शिविर का आयोजन दिनांक 3 मार्च 2024 रविवार को नागोरी गेट लाला लाजपतराय चौक स्थित जैन औषधालय प्रांगण में किया जा रहा है। इस शिविर में जनसेवार्थ शहर के जाने-माने प्रतिष्ठित अस्पतालों से अपने-अपने क्षेत्र में विशेष ख्याति प्राप्त चिकित्सकों की टीम द्वारा अपनी सेवाएं आने वाले सभी रोगियों के लिए बिल्कुल निशुल्क रखी गई है और सभी चिकित्सक पूरी तन्मयता के साथ प्रातः काल 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। जैन पैथ लैब एवं नलवा लैबोरेट्री हिसार के द्वारा निशुल्क शुगर एवं रक्त में हीमोग्लोबिन की जांच की जाएगी। सेवक सभा चैरिटेबल अस्पताल की टीम द्वारा मरीजों की प्राथमिक जांच की जाएगी। बाखा बाबा श्योलाल ट्रस्ट, पुरानी सब्जी मंडी, हिसार की तरफ से शिविर में आने वालों के लिए निशुल्क वितरित किया जाएगा। नेत्र चिकित्सकों द्वारा निर्धारित किए जाने के पश्चात सफेद मोतियाबिंद छोटे चीरे का लैंस प्रत्यारोपण वाले ऑपरेशन मार्च के महीने में समाज के सहयोग से संस्था की तरफ से सेवक सभा चैरिटेबल अस्पताल हिसार, श्री रानी दादी मंगाली वाला अस्पताल, हिसार एवं मित्तल आई अस्पताल नरवाना में करवाए जाएंगे और ऑपरेशन की संभावित तिथि शिविर वाले दिन 3 मार्च को ही दी जाएगी। दोनों संस्थाओं के द्वारा जोर शोर से प्रचार प्रसार इस शिविर का किया जा रहा है ताकि हिसार शहर के और आसपास के छोटे-छोटे गांव से जहां की इतनी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं है अधिक से अधिक लोग लाभ ले सकें।अतः आप से आग्रह पहुँच कर उपलब्ध सेवाओ का लाभ उठाएं।

# दयानन्द महाविद्यालय के भौतिकी विभाग द्वारा 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस' के उपलक्ष्य में 'पॉवर प्वाईट प्रेजेंटेशन' प्रतियोगिता का आयोजन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 1 मार्च :** दयानन्द महाविद्यालय, हिसार के भौतिक विज्ञान विभाग द्वारा 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस' के उपलक्ष्य में ''अचीवमेंट ऑफ इंडियन फिजिसिस्टस'' विषय पर 'पॉवर प्वाईट प्रेजेंटेशन' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भौतिकी विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. चेतन शर्मा ने मुख्यअतिथि प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह का स्वागत किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने अपने सम्बोधन में विद्यार्थियों को विज्ञान दिवस की हार्दिक बधाई दी। अपने सम्बोधन में उन्होंने विख्यात नोबेल पुरस्कार विजेता और भारत रत्न से सम्मानित डॉ. सी.वी. रमन के बारे में बताया। उन्होंने विज्ञान दिवस के महत्तव को विद्यार्थियों से सांझा किया तथा उन्हें इस तरह के आयोजनों में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न वैज्ञानिकों पर अपनी प्रस्तुति भी दी। विभागध्यक्ष प्रो. चेतन शर्मा ने कहा कि फिजिक्स एसोसिएशन सभी विद्यार्थियों को एक मंच देती है जिससे उनकी प्रतिभा में निखार आता है। इस कार्यक्रम में प्रो. नरेन्द्र कुमार तथा प्रो. ममता ने निर्णायक मण्डल की भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंत में प्रो. नरेन्द्र कुमार ने सभी विजेता प्रतिभागियों को बधाई दी तथा मुख्यअतिथि का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक डॉ. मीना रानी, डॉ. आशीष, प्रो. सपना व प्रो. अभिषेक मौजूद रहे।

# सुभाष चंद्रा फ़ाउंडेशन के सहयोग से गांव मंगाली में करवाई गई खेल कूद प्रतियोगिता

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 1 मार्च :** खंड स्तरीय नेहरू युवा केन्द्र संगठन खंड हिसार -1 कि खेल- कूद प्रतियोगिता गाँव मंगाली में सुभाष चंद्रा फ़ाउंडेशन के सहयोग से आयोजन करवाया गया। हिसार ब्लॉक -1 गाँव के लगभग 160 महिला पुरूष व युवा खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया समापन समारोह में गाँव के सरपंच प्रतिनिधि सुभाष चंद्र, पूर्व सरपंच विनोद मान व फ़ाउंडेशन के खेल इंचार्ज सूबे सिंह बेनीवाल, पुलिस उप निरीक्षक जगबीर सिंह चौकी इंचार्ज कृष्ण कुमार,नगर निगम से अशोक कुमार ने विजेता खिलाड़ियों को इनाम वितरित किए।

फ़ाउंडेशन के खेल इंचार्ज श्री सूबे सिंह बेनीवाल ने बताया कि निर्णायक मंडल की भूमिका में कोच पवन कुमार व रघुवीर सिंह, अनिल कुमार आदि उपस्थित रहे गाँव के सरपंच प्रतिनिधि श्री सुभाष चंद्र ने कहा कि नेहरू युवा केन्द्र व सुभाष चंद्रा फ़ाउंडेशन का धन्यवाद जो हमारे गाँव में महिलाओं, पुरुषों व युवाओं के लिए खेल गतिविधियां व जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन समय-समय पर करवाते रहते हैं।

**प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार है**



**रस्सा-कस्सी -**

गाँव मंगाली महिला प्रथम

गाँव हरीकोट महिला द्वितीय

**रिले रेस -**

मीना की टीम प्रथम

आतंकियों की टीम द्वितीय

रेनू की टीम -तृतीय

**कबड्डी-**

मंगाली- प्रथम

मात्रशाम- द्वितीय

चिरोद - तृतीय

**खो- खो-**

गाँव मंगाली- प्रथम

गाँव मात्रशाम- द्वितीय

गाँव चिरोद - तृतीय

## सोनू कुमारी मुक्केबाजी में जीता कांस्य पदक



**पाठकपक्ष न्यूज, हिसार, 1 मार्च :** खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम जो 25-28 फ़रवरी तक गंगटोक सिक्किम राज्य में सम्पन्न हुए में सुभाष चंद्रा फ़ाउंडेशन के आदमपुर बॉक्सिंग ट्रेनिंग सेंटर की खिलाड़ी सोनू ने 52 किलो भार वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किया। फ़ाउंडेशन के प्रोजेक्ट लीडर श्री अनिल कुमार ने बताया कि सुभाष चंद्रा फ़ाउंडेशन बॉक्सिंग ट्रेनिंग सेंटर आदमपुर स्टेडियम में लगभग 80 लड़के लड़कियाँ फ़ाउंडेशन के कोच श्री लक्ष्मण रावत की देख रेख में अपने सपनों को साकार कर रहे है। सोनू कुमारी मुक्केबाज़ को फ़ाउंडेशन की तरफ़ से सम्मानित भी किया जाएगा।

# घर-घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस अभियान के तहत भोड़िया बिश्नोइयाँ पहुंचने पर कांग्रेस नेता प्रदीप बैनिवाल का हुआ स्वागत



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 1 मार्च :** आदमपुर से वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रदीप बैनीवाल ने आज हलके के गाँव भोड़िया बिश्नोइयाँ में 'घर-घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस' अभियान के तहत जनसंपर्क किया। उन्होंने घर-घर और दुकानों में जाकर लोगों से मुलाकात की। यहां पहुंचने पर लोगों ने प्रदीप बैनीवाल का गर्मजोशी से स्वागत किया। सभी में इस अभियान को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। जन संपर्क के दौरान ग्रामीणों ने कहा कि वे बीजेपी-जेजेपी की नीतियों, फैमिली आईडी, प्रॉपर्टी आईडी जैसे गैर-जरूरी पोर्टलों, संवादहीनता व संवेदनहीनता से बुरी तरह त्रस्त है। लोग इसबार कांग्रेस को सत्ता में लाने का मन बना चुके हैं। इस मौके पर प्रदीप बैनीवाल ने ग्रामीणों से रूबरू होते हुए कहा कि हरियाणा में इस सरकार को लगभग 10 साल पूरे हो चुके हैं। इतने ही समय तक भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व वाली कांग्रेस का कार्यकाल रहा था। अब समय आ गया है कि दोनों सरकारों के कार्यों व उपलब्धियां की तुलना की जाए। जनता जब तुलना करेगी तो वह पाएगी कि बीजेपी व बीजेपी-जेजेपी सरकार के दौरान 5 गुना कर्जा, 4 गुना महंगाई, 3 गुना बेरोजगारी व 2 गुना अपराध बढ़े हैं। बीजेपी-जेजेपी ने हमेशा जनसरोकार को नजरअंदाज करके सिर्फ सत्ता सुख भोगने की राजनीति की है। बैनीवाल ने लोगों को कांग्रेस के संकल्प पत्र से अवगत करवाते हुए बताया कि कांग्रेस की सरकार आने पर सामाजिक पेंशन छ हज़ार की जाएगी, गैस का सिलेंडर पाँच सौ में दिया जाएगा, ओपीएस लागू की जाएगी, किसानों विरोधी पोर्टल बंद किए जाएँगे, नशा व अपराध समाप्त होंगे, दो लाख ख़ाली पद भरे जाएँगे, क़ानून के राज स्थापित होगा। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता कृष्ण छिम्पा, मास्टर छोटूराम, संदीप पुनिया, कृष्ण बैनीवाल, महेंद्र भादू, अमनदीप टाँडी उपस्थित रहे।

**Mahatma Gandhi Institute of Medical Sciences**

**We are Hiring**

**Medical Staff**

- **GNM Staff**
  Minimum 1 Year Experience
- **B.Sc. Staff**
  Minimum 1 Year Experience
- **ICU Staff**
  Well experienced & qualified

**Salary no bar for deserving candidates**

**Interview Friday & Saturday**

**Timing: 5 pm to 6 pm**

**Call Now : 93062 11312, 9992487111**

e-mail : mghhisar2017@gmail.com

**ITI, Chowk, Behind Hari Palace, Hisar**

**BLOOMING DALES SCHOOL**

Sector 15-A, Hisar

A Sr. Sec. School, Affiliated to C.B.S.E.

bloomingdalesschool99@gmail.com

**REQUIRED**

- SPECIAL EDUCATOR
- COUNCELLOR
- PGT HINDI
- PGT POL. SCIENCE
- TGT ENGLISH
- TGT HINDI
- TGT MATHS
- TGT S.S
- TGT SANSKRIT
- TGT SCIENCE

**Qualification as per CBSE Norms**

Send hand written application with Bio-data, photography & photocopy of educational certificates in school office or mail address. Fluency in **ENGLISH SPOKEN MUST** & Experienced hand will be preferred. Principal

**Principal**

# आजाद नगर सुधार समिति ने डिप्टी स्पीकर से की उनके द्वारा की गई घोषणाओं को पूरा करने की मांग

## ज्ञापन के माध्यम से समिति ने रणबीर गंगवा को याद दिलवाई घोषणाएं



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 1 मार्च :** आजाद नगर सुधार समिति ने हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष रणबीर गंगवा को आजाद नगर के बारे मे की गई घोषणाओं को जल्द पूरा करने की मांग की है। समिति के प्रधान सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि आजाद नगर में विकास कार्यों को लेकर डिप्टी स्पीकर ने अनेक घोषणाएं की थी, जिन्हें जल्द पूरा करवाने की मांग समिति ने उन्हें ज्ञापन सौंपकर की है। रणबीर गंगवा को सौंपे गए ज्ञापन में समिति ने कहा है कि आजाद नगर में स्थित यू.एच.सी. (अर्बन हैल्थ सैंटर) जो कि प्राइवेट बिल्डिंग में चल रहा है, उसके लिए स्थायी सरकारी बिल्डिंग बनवाने, मिनी खेल स्टेडियम बनवाने, नगर निगम की जमीन में स्थित तालाब को पौंड बनवाने व इसका सौंदर्यकरण करने, क्योंकि यहां कूड़े के ढेर का केन्द्र बन गया है, राजगढ़ रोड को नहर से गंगवा बाईपास तक हिसार शहर की तर्ज पर लाईटें लगवाने व इसका सौंदर्यकरण करवाने, स्थायी रेहड़ी मार्किट बनवाने तथा हिसार शहर की तर्ज पर बस स्टैंड बनवाने की घोषणाएं स्वयं रणबीर गंगवा ने की थी, परंतु अभी तक इन घोषणाओं पर कार्य शुरू नहीं हो पाया है। सुरेन्द्र शर्मा ने कहा कि आजाद नगर सुधार समिति उनसे मांग करती है कि जल्द से इन आजाद नगर से जुड़ी इन मांगों को पूरी करवाने का काम करें, क्योंकि आजाद नगर में विकास कार्यों में तेजी लाया जाना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि समिति का एकमात्र उद्देश्य है कि आजाद नगर का चहुंमुखी विकास करवाया जाए, ताकि यहां के निवासियों को परेशानियों का सामना न करना पड़े।







**Name Change**

I, Ashu W/o Pawan Kumar R/o H. No. 124B, Model Town, Mandi Adampur, Hisa, Haryana declare that I have changed my name from Ashu to Ashu Goyal for all future purpose.

\- Deponent

**Name Change**

I, Vivek S/o Baljeet Singh R/o VPO Bhagana, Teh. & Distt. Hisar, Haryana, 125044 declare that I have changed my name from Vivek to Vivek Panghal for all future purpose.

\- Deponent

**Name Change**

I, Baljeet Singh S/o Sunder R/o Ladwa (156), PO Ladwa, Distt. Hisar, Haryana-125006 declare that I have changed my name from Baljit Singh to Baljeet Singh for all future purpose.

\- Deponent

**बेदखली सूचना**

मैं, अजीत सिंह पुत्र श्री दलीप सिंह पुत्र श्री नत्थूराम, निवासी गांव व डाक रामायण, तह. हांसी, जिला हिसार, हरियाणा सर्व साधारण को सूचित करता हूं कि मेरा पुत्र विपिन व उसकी धर्मपत्नी सोनिया मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। मैंने इन्हें अपनी चल-अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इनसे कोई भी किसी प्रकार का लेन-देन करेगा तो वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**-शपथकार**

**डॉ. बलबीर सैनी**

B.A.M.S. M.D. Uni. (Rohtak)

**चर्म, एलर्जी, सैक्स व गुप्त रोग विशेषज्ञ**

**बलबीर हस्पताल**

**पता : पुरानी सब्जी मण्डी चौक, बड़वाली ढाणी, निकट हनुमान मंदिर, हिसार**

**✆ 92156-88573**

## समाचार पत्र के स्वामित्व एवं अन्य विषयों का ब्यौरा

**प्रपत्र-4**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रकाशन स्थल | हिसार (हरियाणा) |
| 2. | प्रकाशक अवधि | दैनिक |
| 3. | मुद्रक का नाम | चन्द्रबाला |
| | क्या भारत का नागरिक है ? | हां |
| | पता | 33-एस माडल टाउन, हिसार |
| 4. | प्रकाशक का नाम | चन्द्रबाला |
| | क्या भारत का नागरिक है ? | हां |
| 5. | संपादक का नाम | आशीष मलिक |
| | क्या भारत का नागरिक है ? | हां |
| | पता | 726-सैक्टर-13, हिसार |
| 6. | उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार पत्र के स्वामी हों तथा जो समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के सांझेदार या हिस्सेदार हों | चन्द्रबाला<br>33-एस माडल टाउन, हिसार |

मैं चन्द्रबाला एतद् द्वारा घोषित करती हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिए गए विवरण सत्य हैं।

**हस्ताक्षर**

**चन्द्रबाला**

**(प्रकाशक के हस्ताक्षर)**

**दिनांक : 01 मार्च 2024**




# गठबंधन सरकार की शह बिना अवैध खनन असंभव : कुमारी सैलजा

## बार-बार उड़ती नियमों की धज्जियां, हर बार अवैध खनन के मिलते प्रमाण



**पाठकपक्ष न्यूज**

**चंडीगढ़, 1 मार्च :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं उत्तराखड़ की प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रत्येक जांच एजेंसी की रिपोर्ट में प्रदेश में बार-बार अवैध खनन का खुलासा हो रहा है। कितनी ही बार अवैध खनन के प्रमाण भी मिले हैं, लेकिन भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार ने एक बार भी खनन माफिया के खिलाफ कार्रवाई नहीं की। इससे पता चलता है कि अवैध खनन करने वालों को सरकार में बैठे लोगों की पूरी शह है। अवैध खनन से चरखी दादरी में भूमिगत जल दूषित करने से मानव जीवन के साथ ही जीव-जंतुओं को भी नुकसान पहुंचने की आशंका बनी हुई है। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि टास्क फोर्स की रिपोर्ट से खुलासा होता है कि रामलवास व मानकावास में तीन स्थानों पर नियमों को ताक पर रखते हुए अत्यधिक गहराई तक खनन किया गया है। इससे भूमिगत जल भी बाहर आने लगा है। ब्लास्ट व खुदाई के चलते भूमिगत जल दूषित हो रहा है। लेकिन, अभी तक सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी है व दोषियों के खिलाफ कोई कार्रवाई भी शुरू नहीं की है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह कोई पहला मौका नहीं है, जब अवैध खनन की पोल खोलती कोई रिपोर्ट आई हो। ऐसी रिपोर्ट बार-बार सामने आती हैं, लेकिन मिलीभगत के कारण गठबंधन सरकार में बैठे लोग इन्हें दबा देते हैं और किसी के भी खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होने देते। यमुनानगर, महेंद्रगढ़, चरखी दादरी, भिवानी आदि जिलों में कितनी ही बार अवैध खनन के खुलासे हो चुके हैं। बाकायदा एनजीटी भी क्रेशरों व खनन कंपनियों पर भारी-भरकम जुर्माने लगा चुका है। इसके बावजूद गठबंधन सरकार ने आज तक नियमों की पालना कराने में दिलचस्पी नहीं दिखाई। कुमारी सैलजा ने कहा कि पिछले साल एनजीटी ने महेंद्रगढ़ व दादरी जिले के क्रेशरों पर 70 करोड़ रुपये से अधिक जुर्माना लगाया, जबकि सरकार के इशारे पर जिला प्रशासन ने एनजीटी को गलत रिपोर्ट देकर गुमराह किया। ताकि, अवैध खनन और फिर इसकी क्रशिंग का सिलसिला बिना रोकटोक चलता रहे। इससे पहले एनजीटी ने यमुनानगर में खनन कार्य में जुटी तीन कंपनियों पर 18.7 करोड़ रुपये जुर्माना लगाया था। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इसी बीच डाडम में नियमों के विपरीत खनन करने पर दो ठेकेदारों पर 66 करोड़ रुपये जुर्माना भी एनजीटी लगा चुकी है। गठबंधन सरकार की खनन माफिया के साथ मिलीभगत नहीं है तो फिर भूमिगत जल दूषित करने के आरोपियों के खिलाफ मामले दर्ज कर सख्त से सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।




# महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज में रक्तदान उत्सव

## शमीम शर्मा ने किया 49वीं बार रक्तदान, छात्राओं व स्टाफ में रक्तदान के लिए उत्साह था कमाल का



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 1 मार्च :** आज भिवानी रोहिल्ला स्थित महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज में महाविद्यालय की एनएसएस यूनिट व रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा रक्तदान उत्सव का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन बालसमंद के नायब तहसीलदार कुंवरदीप सिंह ने किया। दीप प्रज्वलन से समारोह की शुरुआत हुई। कुंवरदीप सिंह ने छात्राओं एवं स्टाफ का उत्साह देख रक्तदान को पवित्र कर्म बताते हुए कहा कि रक्तदानियों का जज़्बा सराहनीय है और एक यूनिट ब्लड तीन लोगों को नवजीवन दे सकता है। महाविद्यालय चेयरमैन श्री भारत भूषण प्रधान ने कहा कि रक्तदान लोगों को ट्रांसफ्यूजन के माध्यम से आवश्यक रक्त प्राप्त करने में मदद करता है। इस उत्सव में महाविद्यालय डायरेक्टर डॉ नीलम प्रभा ने कहा कि रक्तदान एक सामाजिक कार्य है जिसमें रक्तदाता को आत्मिक गौरव की अनुभूति होती है। शिविर में डॉ. ऋचा के नेतृत्व में अग्रोहा मेडिकल हिसार की टीम द्वारा रक्त संचयन किया गया। शिविर में डॉ शमीम शर्मा ने 49वीं बार रक्तदान किया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्या डॉ शमीम शर्मा ने रक्तदान को जीवन का उत्सव बताया तथा छात्राओं को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि कुंवरदीप सिंह ने सभी रक्तदानियों को सर्टिफिकेट और उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गांव भिवानी रोहिल्ला के सरपंच बलजीत सिंह, संस्कृत प्राध्यापिका बंटी और कॉमर्स अध्यापिका सोनू,पूर्व छात्रा पायल, मास्टर शंकरलाल, अध्यापक सुंदर सिंह, प्रवेश, रोशनी, बलजीत, प्रवीन, विकास, बस ड्राइवर सुरेंद्र, ग्रामवासी सोमवीर, विक्रम, दिनेश, मुकेश, पुष्पा, और अनीता तथा अन्य के साथ 60 छात्राओं ने इस रक्तदान रूपी महायज्ञ में अपनी भागीदारी दर्ज की। महाविद्यालय की 155 छात्राओं ने रक्तदान के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया। छात्राओं में उत्साह का आलम यह था कि जिन छात्राओं को उम्र या वजन के आधार पर रिजेक्ट किया गया वे फूट-फूट कर रोने लगीं।

# जीवांश ने स्वर्ण पदक जीतकर स्कूल का गौरव बढ़ाया



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 1 मार्च :** सेंट फ्रांसिस जेवियर स्कूल, तलवंडी राणा के कक्षा दूसरी के छात्र जीवांश गिरधर ने 8 नवंबर 2023 को सिल्वर जोन फाउंडेशन नई दिल्ली, भारत द्वारा आयोजित अंग्रेजी भाषा के अंतरराष्ट्रीय सिल्वर जोन ओलंपियाड 2023-24 में भाग लिया और हाल में आये परिणाम में प्रथम स्थान हासिल किया। उसने 100 अंक प्राप्त करके राज्य में पहला रैंक, जोनल में पहला और ओलंपियाड में चौथा रैंक हासिल किया। उसे स्वर्ण पदक, विशेष उपलब्धि प्रमाण पत्र और नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कक्षा तीसरी की नेहा, कक्षा चौथी की साक्षी, कक्षा सातवीं का नमन नेगी, कक्षा आठवीं के साहिल कपूर और नोवीं के शब्द ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इन्होंने भारत और विदेशों से अपने समकक्षों के साथ प्रति स्पर्धा करते हुए ओलंपियाड में अपना स्थान बनाया है।







प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी चन्द्रबाला द्वारा 33–एस माडल टाउन, हिसार से प्रकाशित एवं सूचना प्रिंटर्स 33–एस, माडल टाउन, हिसार से मुद्रित।

सम्पादक : आशीष मलिक

उप–सम्पादक : मनोज कुमार

विजय कुमार : 98964–72584

श्याम नागपाल : 92552–73410

संचित मलिक रिपोर्टर हांसी 98960–38818

Email : dailypathakpaksh@yahoo.in

कानूनी सलाहकार- प्रवीर आर्य (9996055500)

किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र हिसार होगा।

# पेटवाड़ ब्रांच व न्यू सिवानी का दिलबाग सिंह हुड्डा लूदास ने किया निरीक्षण



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 1 मार्च :** आज संयुक्त जल संघर्ष समिति के चीफ एडवाइजर दिलबाग हुड्डा लूदास ने बताया कि हिसार टेल से राजथल हेड तक पेटवाड़ ब्रांच की पूर्ण सफाई व्यवस्था एवं न्यू सिवानी पर अधूरे कार्यों का निरीक्षण विभाग के अधिकारियों के साथ संयुक्त जल संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजेंद्र बेनीवाल सत्यवीर पूनिया महासचिव, दिलबाग हुड्डा मुख्य सलाहकार सतवीर झाझरिया, उपाध्यक्ष हवा सिंह हिन्द्वान आदि ने किया। मौके पर सफाई व्यवस्था में कमी पाई गई तथा न्यू सिवानी के अधूरे कार्य पाए गए, जिनमें अधिकारियों ने सफाई व्यवस्था एक महीने के अंदर ठीक करवाने व अधूरे कार्यों को मई में तक पूरा करने के आश्वासन दिया। विभाग के अधिकारी सुप्रिडिंग इंजीनियर विमल कुमार बिश्नोई, एक्सईएन संदीप माथुर, एसडीओ संदीप एवं संबंधित जेई मौके पर साथ रहे।

